## मिड डे मील वर्कर्स का मानसिक और आर्थिक शोषण कर रही सरकार

# 11 माह करना पड़ता है काम और 10 महीने का मिलता है मानदेय : शर्बती

**11 जून को शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने राज्य कमेटी के प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए चंडीगढ़ बुलाया और खुद बैठक में नहीं पहुंचे**

**पिछले कई महीने से नहीं मिल रहा मानदेय, सरकार जल्द मांगें नहीं मानती तो मिड डे मील वर्कर्स 10 अगस्त को करेंगी जेल भरो आंदोलन**

### 11 सालों से मिड डे मील वर्कर्स का मानदेय नहीं बढ़ा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। सरस्वती नगर में आयोजित मिड डे मिल वर्कर्स यूनियन की बैठक को संबोधित करतीं यूनियन की नेता।

मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की सरस्वती नगर शाखा के सदस्यों की बैठक कस्बा स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में यूनियन की राज्य सचिव शर्बती देवी ने भाग लिया। उन्होंने मिड डे मील वर्कर्स को 4 अगस्त को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री के कैंप आफिस पर महापड़ाव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

उन्होंने कहा कि प्रशासन और सरकार मिड डे मील वर्कर्स का मानसिक और आर्थिक शोषण कर रही है। हमें काम तो साल में 11 महीने करना पड़ता है, लेकिन मानदेय मात्र 10 माह का मिलता है। इसे किसी भी दृष्टि से सही नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने मिड डे मील वर्कर्स को साल में 12 महीने का मानदेय दिए जाने की मांग की। कहा कि पिछले 11 सालों से मिड डे मील वर्कर्स का मानदेय नहीं बढ़ाया गया है, जबकि महंगाई आसमान पर पहुंच चुकी है। शर्बती देवी ने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती तो जेल भरो आंदोलन किया जाएगा।

यूनियन की राज्य सचिव शर्बती देवी ने कहा कि बताया कि गत 11 जून को शिक्षा मन्त्री महीपाल ढाडां ने राज्य कमेटी के प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए चंडीगढ़ में बुलाया गया था। मगर इस दौरान यूनियन का राज्य प्रतिनिधिमंडल तो चंडीगढ़ पहुंच गया। मगर शिक्षा मंत्री स्वयं बैठक में नहीं पहुंचे। इसके बाद यूनियन द्वारा 12 जनवरी को पंचकूला में राज्य स्तरीय रैली की गई। जिसके बाद मिड डे मील वर्कर्स की कुछ मांगे मान ली गई। मगर उन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया। जिसके विरोध में यूनियन द्वारा 4 अगस्त को मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र स्थित कैंप कार्यालय पर महापड़ाव का आयोजन किया जाएगा। यदि इसके बाद भी सरकार ने उनकी मानी गई मांगो को लागू नहीं किया गया तो 10 अगस्त को खंड सरस्वती नगर की मिड डे मील वर्कर्स जिलास्तर पर आयोजित किए जाने वाले जेल भरो आंदोलन में भाग लेंगी। उन्होंने आरोप लगाया पिछले ग्यारह सालों में सरकार ने मिड डे मील वर्कर्स का मानदेय नहीं बढ़ाया गया है। वहीं, उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई महीने से मिड डे मील वर्कर्स का मानदेय नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वह कड़ी निंदा करती हैं। मानदेय में कटौती की जा रही हैं। सरकार व प्रशासन मिड डे मील वर्कर्स का आर्थिक व मानसिक शोषण कर रहा है। मानदेय भी 10 महीने मिलता है जबकि काम तो 11 महीने करना पड़ता है। इसीलिए शिक्षकों व अन्य स्टाफ की तरह उन्हें भी 12 महीने मानदेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मिड डे मील वर्कर्स की मानी गई मांगें जल्द लागू किए जाने की मांग की।

### इन्होंने भी रखे अपने विचार

इस अवसर पर ममता, कैलाशो, उषा सैनी,मीनाक्षी शर्मा, सलिंद्रो, शांति, मीना, किरण, अमरजीत व जसमेरो आदि ने भी अपने विचार रखे। इन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स लंबे समय से अपनी उचित मांगे सरकार के सामने रख रही हैं, लेकिन सरकार हमारी समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। हमारी कई मांगें सरकार मान चुकी है,लेकिन उसे भी अभी तक लागू नहीं किया गया है। सरकार की इस उदासीनता की वजह से मिड डे मील वर्कर्स को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब काफी इंतजार किया जा चुका है। अब भी अगर सरकार हमारी मांगें नहीं मानती तो हम सभी को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### रादौर में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस

**रादौर।** महाराणा पार्क एसोसिएशन रादौर की ओर से वीरवार को अंतराष्टीय मित्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान एसोसिएशन की ओर से लोगों को मित्रता व भाईचारे का संदेश दिया गया। एसोसिएशन के प्रधान भारत माटिया ने बताया कि संयुक्त राष्ट ने 30 जुलाई का दिन अंतर्राष्टीय मित्रता दिवस के रूप में घोषित किया है। संयुक्त राष्ट महासभा द्वारा 27 अप्रैल 2011 को एक प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें 30 जुलाई को विभिन्न प्रकार के धर्मों और धर्मों के व्यक्तियों और समुदायों के बीच सांस्कृतिक सद्भाव और एकजुटता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्टीय मित्रता दिवस के रूप में घोषित किया गया।

### नशीला पदार्थ खिलाकर सोने की चेन व नथ चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी हुडा सेक्टर 17 स्थित एक मकान में घुसकर चोरों ने बुजुर्ग व्यक्ति को नशीला पदार्थ खिलाकर सोने की चेन व नथ चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब 2.10 लाख रुपये है। व्यक्ति की पत्नी जब घर पहुंची तो उसे अपना पति बेहोशी की हालत में मिला। उसने अपने पति को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार जगाधरी के हुडा सेक्टर 17 निवासी दर्शनी देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 जुलाई को सुबह साढ़े 11 बजे वह किसी काम से घर से बाहर गई थी। घर पर उसका पति पूर्ण चंद मौजूद था। करीब 20 मिनट बाद जब वह घर वापस लौटी तो उसका पति घर पर बेहोशी की हालत में था और घर से सोने की चेन व नथ गायब थी। जिसकी कीमत करीब 2.10 लाख रुपये है। उसने अपने पति को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

### गुरुकुल खरकाली में मनाया विश्व बाघ दिवस

रादौर। गुरूकुल खरकाली में वीरवार को विश्व बाघ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ.अमन पंजेटा ने बच्चों को विश्व बाघ दिवस के बारे में जानकारी दी। डॉ.पंजेटा ने बताया कि पूरे विश्व में विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है। अवैध शिकार और वनों के कटने के कारण विश्व के कई देशों में बाघों की संख्या में गिरावट आई है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य जंगली बाघों के निवास के संरक्षण, विस्तार तथा उनकी स्थिति के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि 2010 में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर में आयोजित बाघ सम्मलेन में इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में 13 देशों ने भाग लिया था। उन्होंने 2022 तक बाघों की संख्या में दोगुनी बढ़ोत्तरी का लक्ष्य रखा था।

### पाइप लाइन बिछाने को सड़क खोदी और छोड़ दिया बदहाल

# यह रादौर का कॉलेज मार्ग है, जरा संभल कर चलें, ठोकर लग जाएगी

■ बारिश होने पर कीचड़ की वजह से फिसल कर चोटिल हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। कॉलेज मार्ग हो चुका है पूरी तरह क्षतिग्रस्त। फोटो : हरिभूमि

रादौर के कालेज मार्ग पर जलापूर्ति विभाग द्वारा पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। जिस पर गत दिनों हुई बारिश से कीचड़ बनने से लोग और वाहन चालक चोटिल होने लगे हैं। वहीं, मार्ग से होकर अपने स्कूल व कालेज में जाने वाले बच्चे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने क्षतिग्रस्त हुए मार्ग को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

स्थानीय निवासी राजबीर, गुचरण सिंह, सोनू, प्रवीण, राजु गुप्ता, राजेश, प्रमोद व संजय आदि ने बताया कि जलापूर्ति विभाग द्वारा कुछ दिन पहले कालेज मार्ग पर पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाई गई थी। मगर पाइपलाइन को बिछाने के बाद सड़क को ठीक नहीं किया गया और उसे क्षतिग्रस्त हालत में छोड़ दिया गया।

आलम यह है कि क्षतिग्रस्त मार्ग पर पड़े मिट्टी के ढ़ेर बारिश होने से कीचड़ में बदल गए हैं। हालत ऐसी हो गई है कि मार्ग पर लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। वहीं, मार्ग स्थित दुकानों के दुकानदार भी परेशान हो गए हैं। क्योंकि मार्ग पर कीचड़ होने से उनकी दुकानों पर ग्राहक पहुंचने कम हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलापूर्ति विभाग की ओर से कस्तुरबा गांधी आश्रम से लेकर नामदेव चौक तक पीने के पानी की पाइपलाइन डालने का कार्य मानसून के मौसम में किया गया। जबकि यह कार्य दिसंबर से जनवरी के बीच होना चाहिए था। जिससे मार्च तक कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क भी रिपेयर हो जाती। लोगों को बरसात के मौसम में दिक्कत का सामना न करना पड़ता। उन्होंने बताया कि पाइप डालने से मार्ग स्थित दो स्कूलों की दीवारें भी गिरने के कगार पर पहुंच गई हैं।

मगर इसके बाजवूद जलापूर्ति विभाग की ओर से मार्ग को दुरुस्त करने की जहमत नहीं उठाई गई। स्थानीय लोगों ने सरकार व प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क से मिट्टी हटाने व स्कूल प्रशासन से दीवारे ठीक करवाये जाने की मांग की है।

### मार्ग को जल्द करवा दिया जाएगा दुरुस्त

जलापूर्ति विभाग रादौर के एसडीओ रवि नायक ने बताया कि सड़क के आसपास की मिट्टी को एक या दो दिन में उठवा कर सड़क को दुरुस्त करवा दिया जाएगा। ताकि स्थानीय लोगों को समस्या का सामना ना करना पड़े।

### मजबूर एवं बेसहारा लोगों की मदद करें: प्रीति

**यमुनानगर।** इनर व्हील क्लब जगाधरी यमुनानगर के तत्वावधान में शहर के सफायर होटल में इंस्टॉलेशन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला उपायुक्त प्रीति ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। इस अवसर पर वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण करवाया गया। मुख्यातिथि एवं उपायुक्त प्रीति ने क्लब की नई अध्यक्षा रागिनी विनायक एवं उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें समाज के प्रति अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। आज अनेकों ऐसी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं हैं जो किसी न किसी रूप में समाज हित के कार्यों में अपना अहम योगदान देती हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को किसी न किसी मजबूर एवं बेसहारा की सहायता अवश्य करनी चाहिए। किसी भी बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के साथ साथ उसके परिवार के साथ भी संवेदना व्यक्त करनी चाहिए। क्योंकि पीड़ित परिवार ही जानता है कि वह किस परिस्थिति से गुजर रहा है। इसलिए हमारा दायित्व बनता है कि हमें ऐसे परिवारों को भी सांत्वना अवश्य देनी चाहिए। क्लब की निवर्तमान अध्यक्षा स्वीटी आनंद ने बताया कि नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए रागिनी विनायक को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं, गरिमा धीमान को उपाध्यक्ष, निधि गर्ग सचिव, पारुल खन्ना कोषाध्यक्ष, अमृता गुप्ता आईएसओ तथा संदीप कौर को संपादक बनाया गया। सभी नए पदाधिकारियों को उनके पदों की जिम्मेदारी निभाने के लिए पदग्रहण करवाया गया।

## पॉक्सो व एनडीपीएस एक्ट के मामलों में कानूनी प्रक्रिया का पालन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्ग दर्शन में लघु सचिवालय में जांच अधिकारियों व लोक अभियोजकों के लिए संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी करण कपूर और अर्शदीप ने भाग लिया। कार्यशाला में पाक्सो व एनडीपीएस मामलों की जांच पर विस्तार से मंथन किया गया। मुख्य वक्ता एवं एडिशनल डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी करण कपूर ने जांच अधिकारियों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, न्यायालयीन प्रक्रियाओं और साक्ष्यों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जांच के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य रुप से पाक्सो अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों की जांच प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया गया। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी करण कपूर व अर्शदीप ने बताया कि इन मामलों में कानूनी प्रक्रिया का पूर्ण पालन करना आवश्यक है।

### जागरूकता कार्यक्रम में सुनीता दांगी ने किया आह्वान

# योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं बनें आत्मनिर्भर

### महिलाओं और बेटियों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही प्रदेश व केंद्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जागरूकता कार्यक्रम में संबोधित करतीं हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्षा सुनीता दांगी। फोटो : हरिभूमि

जिला बाल कल्याण परिषद व महिला विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में परिषद के सभागार में नारी उत्थान एवं महिलाओं से जुड़ी सरकार की योजनाओं को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्षा सुनीता दांगी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया।

हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्षा सुनीता दांगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी सरकारों द्वारा महिलाओं एवं बेटियों के उत्थान के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं। घर में बेटी पैदा होने से पहले ही संबंधित इन योजनाओं से जुड़ जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत की थी। आज हमारे प्रदेश का लिंगानुपात लगातार बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज देश का नेतृत्व ऐसे यशस्वी प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के हाथों में है जो दिन रात महिलाओं के लिए जनहित की योजनाएं बनाते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि बेटियां हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़े। सरकार द्वारा बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए ऋण के रूप में सहायता प्रदान की जा रही है। अध्यक्षा सुनीता दांगी ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के हित में असंख्य योजनाएं चलाई गई हैं। महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकती है और स्वरोजगार चलाकर अपना व अपने परिवार का गुजारा आसानी से कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की इन योजनाओं से जुड़ी महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति कर रही है। महिला सरकार की योजना मातृत्व शक्ति उधमता योजना के तहत छोटे उद्योग लगाने के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। महिलाओं के अन्दर कौशल, प्रतिभा और कार्य करने की भरपूर क्षमता व उत्साह है।

## न्यूज डायरी



### रादौर में ऊधम सिंह का शहीदी दिवस कार्यक्रम आज

**रादौर।** हरियाणा कांबोज सभा की ओर से शहीद उधम सिंह शहीदी दिवस पर शुक्रवार को अनाजमंडी रादौर में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर संगठित कमेटी के सदस्यों ने वीरवार को सभा के जिला प्रधान अमित कांबोज व पार्षद राजीव आर्य के नेतृत्व में स्थानीय लोगों को निमंत्रण दिए। अमित कांबोज व राजीव आर्य सन्नी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। वहीं शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा, सहकारिता मंत्री कृष्ण बेदी व कुरूक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल वशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जिलेभर में निमंत्रण पत्र दिये जा रहे है। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी 36 बिरादरियों के लोग कार्यक्रम में पहुंचकर शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करें।



### बुजुर्गों को खाना खिलाकर मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने वीरवार को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को खाना खिलाया व उनकी सेवा कर उनका आशीर्वाद लिया। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने कहा कि बुजुर्ग हमारे सबसे बढ़े गुरु हैं क्योंकि उनके पास पूरे जीवन का अनुभव है और उन्हें हर स्थिति का सामना करने के गुर भली भांति आते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए स्कूल के विद्यार्थियों को बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम ले जाया गया। जहाँ विद्यार्थियों ने सबसे पहले पूजा की। बुजुर्गों को खाना खिलाने के बाद उनके पास बैठकर उनके जीवन के बारे में विचार विमर्श किया और उनके अनुभवों से बहुत कुछ सीखा। बच्चों से बात करके, उनकी सेवा से बुजुर्ग भी अत्यंत खुश दिखे और उन्होंने बच्चों को खूब आशीर्वाद दिया। स्कूल प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल ने कहा कि सभी को बड़ों का आदर करना चाहिए ताकि उन्हें उनका आशीर्वाद मिल सके क्योंकि बड़ों के आशीर्वाद से बड़े से बड़े काम चुटकियों में हो जाते हैं। घर व बाहर सभी जगह पर बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए, क्योंकि उनके अनुभव से हमेशा जीवन में सकारात्मक परिणाम हासिल होते हैं। इतना ही नहीं विकट परिस्थितियों का सामना करने का साहस भी इन्हीं से मिलता है। बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने स्कूल के बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी स्कूलों को इस तरह के संस्कार विद्यार्थियों में विकसित करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए ताकि वर्तमान युग में भटकती हुई युवा पीढ़ी को सही मार्ग पर चलाया जा सके।




### शिवांश व सतनाम बने आईटीओ परीक्षा में स्टेट टॉपर

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर के विद्यार्थियों ने आईटीओ (इंडियन टैलेंट ओलंपियाड) परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रिंसीपल डॉ.बिंदु शर्मा ने बताया कि विद्यालय के कक्षा छठी के छात्र शिवांश कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्टेट टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। अपनी शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें 1200 रूपये की प्राइज मनी, मेडल एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। कक्षा पाँचवीं के छात्र सतनाम ने भी अपने वर्ग में स्टेट टॉपर का स्थान प्राप्त किया तथा उन्हें 1000 रूपये की प्राइज मनी, मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्गों में स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। जिन्हें मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके समर्पण, कठिन परिश्रम तथा शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। इंडियन टैलेंट ओलंपियाड जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, विषय ज्ञान एवं प्रतियोगी भावना को विकसित करती हैं। हमें अपने सभी विजेता विद्यार्थियों पर गर्व है और हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करते रहेंगे। विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उसे राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर तक पहुंचाना भी है।



### गुरु रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रेरणास्त्रोत: राणा

**रादौर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गुरु रविदास महाराज ने मानवता को जीने की नई राह दिखाई है। उन्होंने उक्त शब्द रादौर की पटाक माजरी स्थित गुरू रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कहे। मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंदिर स्थित गुरू रविदास महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और मंदिर कमेटी को एक लाख रूपये की ग्रांटराशि देने की घोषणा की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गुरू रविदास जी ने मानवता को जीने की एक नई राह दिखाई थी। उनकी शिक्षाएं हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत का काम कर रही है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर जनहित में कार्य करना चाहिए। तभी हम अपने महापुरूषों के सपनो को साकार कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को आहवान किया कि वह समाज और देश हित के लिए कार्य करें। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हमारे संत महापुरुषों ने सदैव ही समाज को नई दिशा दी है। हमें गुरु रविदास महाराज द्वारा दिए गए उपदेशों को अपने जीवन में धारण कर जनकल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका, भाजपा नेता नेपाल राणा, मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा. मार्किट कमेटी रादौर के चेयरमैन रूपेंद्र सिंह मल्ली, दी यमुनानगर सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया, पार्षद जसवंत सिंह बंचल, पार्षद विनिश राणा, पार्षद संदीप छोटाबांस, पार्षद प्रतिनिधि सुदेश सैनी, सुशील बत्रा, पार्षद प्रतिनिधि मोनू सिंह, पार्षद बिंदर सैनी, रोहित सैनी, जसविंदर सिंह ग्रेवाल, पार्षद प्रतिनिधि रंजीत सिंह, अमित गुप्ता, सचिन गुप्ता, पुजारी देवराज, जोगिंद्र व देवीचंद आदि मौजूद रहे।

## जिला रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक

# बिजली निगम की लापरवाही से हादसा हुआ तो जेई और एसडीओ पर होगी एफआईआर

### बैठक में 36 में से 11 मामलों का किया निपटान, 14 पेंडिंग और 11 नए एजेंडे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि बिजली निगम के कारण जिले में कहीं पर भी कोई हादसा हुआ तो संबंधित एरिया के एसडीओ व जेई के खिलाफ केस दर्ज किया जाए। बिजली विभाग जिले में सर्वे करवाकर ऐसी लोकेशन को खत्म करना सुनिश्चित करे। नेशनल हाईवे 44 पर प्रतापगढ़ गांव के पास फ्लाईओवर तैयार किया जाएगा। यहां पर प्रतापगढ़ के नागरिकों व पास के आश्रम के अनुयायी को हर समय बना दुर्घटना के भय को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इस प्रोजेक्ट की डीपीआर एनएचएआई को भेजी जा चुकी है। शाम के समय ड्रिंक करके वाहन चलाने वाले चालकों के चालान किए जाए। बिजली विभाग लाट्‌इस ग्रीन सिटी वाली सडक पर खड़े बिजली के खंभों को शिफ्ट किया जाए।



कुरुक्षेत्र। बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य।

### अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आरटीए विभाग जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक में बोल रहे थे। इस बैठक में 36 एजेंडों पर चर्चा हुई, 11 का समाधान किया जा चुका है, 14 एजेंडे पेंडिंग और 11 नए एजेंडे शामिल किए गए। जिला में जून महीने में 51 सडक हादसे हुए इनमें 18 नागरिकों की मौत हुई है। इस बैठक में एसडीएम अमन कुमार भी मौजूद रहे। आरटीए इंस्पेक्टर जोगिंद्र ढुल ने एजेंडों को विस्तार से प्रस्तुत किया। पुलिस विभाग के साथ मिलकर दुर्घटना ग्रस्त एरिया का विजिट करें और हादसों के कारण का पता लगाएं, ताकि भविष्य में सडक हादसों को रोका जाए। ढांड रोड पर स्पीड सेसिंग कैमरा लगाया जाए, मथाना बस स्टैंड पर लाडवा साइड के मार्ग पर डिवाइडर को आगे तक तैयार किया जाए। नेशनल हाईवे 152 डी से उतरने वाले रैंप पर टैप लगाई जाए, जो चालक सावधानी पूर्वक और सुरक्षा के साथ चलते हैं, उनको सुविधा मिलती चाहिए। इसके साथ ही महिला पुलिस थाना के सामने वाली सडक का लेवलिंग बनाई जाए।

### म्हारी सड़क ऐप की 4873 शिकायतों में से 3274 की बंद

*अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि म्हारी सड़क ऐप के माध्यम से आने वाली शिकायतों को संबंधित विभाग 7 दिनों में निपटाना सुनिश्चित करे और इसकी रिपोर्ट बनाकर कमेटी को पेश करें। इस ऐप पर 29 जुलाई तक 4873 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, इनमें से 1542 शिकायतें इन प्रोग्रेस हैं और 3274 शिकायतें बंद की जा चुकी हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हुए कहा कि पैनेल के सभी अस्पतालों को पीएम राहत योजना के तहत केसों को स्वीकार किया जाए। इस योजना के तहत अभी तक 235 केस आए थे, सभी केसों की समीक्षा की जा चुकी है, इनमें से 213 केसों को मंजूरी मिल चुकी है। बजट आते ही लाभार्थियों के खाते में पेमेंट की जाएगी।*

### अब हर प्रकार की शिकायत, समस्या व सुविधा के लिए 112 करें डायल

*अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि पहले स्वास्थ्य, फायर, पुलिस, सडक दुर्घटना सहित अलग-अलग कामों के लिए हर विभाग का अलग नंबर होता था, लेकिन अब सभी कामों के लिए केवल डायल 112 शुरू किया गया है। इस डायल 112 नंबर पर 100, 101, 102, 108 सहित अन्य नंबरों वाली सभी सुविधाएं जोड़ी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हिट एंड रन के पेंडिंग 8 केस में रेडक्रॉस सोसायटी के कर्मचारी घर-घर जाकर उनके डाक्यूमेंट पूरा करवाने में मदद करेंगे, ताकि पेंडिंग सभी 8 मामलों में विभाग द्वारा सहायता राशि भेजी जा सके।*

## खबर संक्षेप



### यूपीएससी एनडीए में गुरुकुल के छात्र छाए

**कुरुक्षेत्र।** देश के युवाओं के दिलों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत कर उन्हें भारतीय सेनाओं में उच्च पदों पर आसीन करने के लिए विख्यात गुरुकुल कुरुक्षेत्र सफलता की नई इबारत लिख रहा है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जुलाई माह में गुरुकुल के सात छात्रों ने एनडीए एसएसबी इन्टरव्यू में सफल होकर न केवल गुरुकुल की ख्याति को बढ़ाया है बल्कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र की मैनेजमेंट की दूरदर्शी सोच और यहां के समर्पित अध्यापकवृन्द की कार्यकुशलता को भी प्रतिबिंबित किया है।

### 92 लोगों को उपलब्ध करवाई स्वास्थ्य सेवाएं

**शाहबाद।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने शाहबाद हल्के के गांव रतनगढ़ और किशनगढ़ में पहुंचकर 92 लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

### जिले की चारों विधानसभाओं के ड्राफ्ट रोल में 677498 मतदाता शामिल

# विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 1,06,333 मतदाताओं के वोट कटे

### बीएलओ के माध्यम से जिले के 1,11,713 मतदाताओं को जारी किए जाएंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला की चारों विधानसभाओं का ड्राफ्ट रोल तैयार हो चुका है। अब जिले के ड्राफ्ट रोल में 677498 मतदाता शामिल होंगे। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 106333 मतदाताओं के वोट कटे हैं। इनमें 27708 की डेथ, 32299 अनुपस्थित, 37986 शिफ्टिड, 5869 पहले से दर्ज और 2471 के अन्य कारण पाए गए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिलो में कुल 810 बूथ पर 810 बीएलओ नियुक्त हैं। जिले में 783831 मतदाता थे, इनमें से 677498 वोटरों को एन्यूमरेशन फार्म डिजिटाइज किया गया है। जिले में 48707 मतदाताओं का डाटा की मैपिंग नहीं हो पाई। बीएलओ द्वारा 111713 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 106333 एन्यूमरेशन फार्म एकत्रित नहीं हो पाए। सर्वे के दौरान 27708 की डेथ, 32299 मतदाता ट्रेक नहीं हो पाए, 37986 मतदाता स्थाई शिफ्ट हो चुके हैं, 5869 मतदाता पहले से दर्ज पाए गए और 2471 मतदाताओं के अलग-अलग विभिन्न कारण होने पर उनके मत को हटाया गया। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा के ड्राफ्ट रोल में 179384 मतदाता, शाहाबाद विधानसभा में 154795 मतदाता, थानेसर विधानसभा में 177491 और पिहोवा विधानसभा में 165828 मतदाता ड्राफ्ट रोल में शामिल हुए हैं। अब 31 जुलाई को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी जिसे वेबसाइट के साथ हर जगह प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। अगर किसी मतदाता का नाम 31 जुलाई को प्रकाशित होने वाली लिस्ट में नहीं है तो वह फार्म 6 भर अपना नाम पुनः दर्ज करवा सकते हैं। फाइनल लिस्ट में उनका नाम शामिल कर लिया जाएगा।




कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा व अन्य अधिकारी।

### बिना सुनवाई नहीं कटेगा किसी भी मतदाता का नाम

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के नहीं कटेगा। ईआरओ के निर्णय पर मतदाता 15 दिन के अंदर जिला स्तर पर अपील कर सकता है फिर भी समस्या आती है तो 30 दिन के अंदर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अपील कर सकता है। इसलिए 3 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। दावे व आपत्तियों के साथ-साथ 28 सितंबर तक नोटिस फेज व आपत्तियों के समाधान का कार्य भी चलेगा। नोटिस फेज में बीएलओ की तरफ से ऐसे मतदाताओं को नोटिस दिया जाएगा जिनका पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है या फिर मिलान में किसी भी प्रकार की विसंगतियां पाई गई हैं। उन्होंने कहा कि फॉर्म 6 के माध्यम से पात्र व्यक्ति खुद का नाम मतदाता सूची में जोड़ सकते हैं, 1 जुलाई, 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को वोटर बनने के लिए फार्म 6 भरने की सुविधा दी गई है। जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में छूट गए हैं या जो किन्हीं वजहों से गणना प्रपत्र नहीं भर सके थे वह भी फार्म 6 भर सकते हैं। फॉर्म 7 के तहत मतदाता अपना नाम हटवाने के लिए भर सकते हैं जिनका नाम पहले से ही मतदाता सूची में है। फॉर्म 8 की मदद से मतदाता अपने मतदाता कार्ड में कुछ बदलाव करने या कोई गलती है तो उसे सुधारने के लिए भर सकते हैं। यह सुविधा ऑनलाइन भी उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर एसडीएम थानेसर अमन कुमार, चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार, निर्वाचन कानूनगो मोहित कुमार, सहायक मीनू सैनी, सर्वजीत सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### सीएम सैनी ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज से की भेंट

## गीता ज्ञान को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सैनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार गीता को पाठ्यक्रम में और घर-घर गीता के संकल्प पर काम कर रही है। श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का संपूर्ण विज्ञान है। गीता में कर्म, धर्म, ज्ञान और भक्ति का जो समन्वय बताया गया है, वही आज के समय में समाज और देश को आगे बढ़ाने का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार संस्कृति और विकास को साथ लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार रात्रि गीता ज्ञान संस्थान कुरुक्षेत्र के राधा कृष्ण मंदिर में गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज से भेंट की। सीएम ने गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज से गुरु शिष्य परंपरा निभाते हुए शॉल उड़ाकर और फल-मिठाई भेंट कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने राधा कृष्ण मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की।

### गीता की भूमि कुरुक्षेत्र से पूरे विश्व को जीवन जीने की कला मिली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का दिन गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय संस्कृति के गौरव का प्रतीक है। गीता की भूमि कुरुक्षेत्र से पूरे विश्व को जीवन जीने की कला मिली है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज पिछले कई दशकों से गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उनका जीवन और कार्य हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय गीता नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस मौके पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, संपूर्णानंद महाराज, चेयरमैन गुरनाम सैनी, चेयरमैन सुभाष कलसाना, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, बृजेंद्र हुड्डा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

### लगातार तीन दिन रक्तदान शिविर लगाकर जुटाया 42 यूनिट रक्त

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने रक्त की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए लगातार तीन दिनों तक रक्तदान शिविर आयोजित कर कुल 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि गर्मियों के मौसम में ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि ब्लड बैंकों की मांग के अनुसार पहले दिन लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक, दूसरे दिन गांव मथाना तथा तीसरे दिन कृष्णा ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। तीसरे दिन कृष्णा ब्लड बैंक में आयोजित शिविर को सफल बनाने में बरकत सिंह का विशेष योगदान रहा। रामेश्वर सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है और रक्त की एक-एक बूंद किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही रक्त की कमी जैसी चुनौती का समाधान संभव है। समिति ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।



### पीएम 2 को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत- संकल्प अभियान' करेंगे शुरू

**कुरुक्षेत्र।** युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त, 2026 को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत -संकल्प अभियान' का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा के लाखों युवा अभियान से वर्चुअली जुड़कर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेंगे तथा इसे प्रदेशव्यापी जनआंदोलन का स्वरूप देंगे। हरियाणा में अभियान का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पावन भूमि कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में युवा, विद्यार्थी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाएं सहभागिता करेंगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के लगभग 10,000 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों से वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए एक करोड़ से अधिक युवाओं को संबोधित करेंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त रहेगा। साथ ही, अभियान को सफल बनाने में शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा। वहीं, राज्य मंत्री गौरव गौतम के नेतृत्व में युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग इस अभियान की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। विभाग अभियान की संपूर्ण अवधि के दौरान राज्य स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगा, ताकि अभियान अपने निर्धारित उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सके।

### जयराम कन्या कॉलेज की 5 एनसीसी कैडेट्स ने साइबर डिफेंडर कोर्स किया पूर्ण

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान जयराम कन्या महाविद्यालय में कन्याओं को शिक्षित करने के साथ सर्वांगीण विकास एवं देश की सुरक्षा के साथ भी जोड़ा जा रहा है। अभी हाल ही में महाविद्यालय की 5 एनसीसी कैडेट्स ने उपलब्धि हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय की पांच एनसीसी कैडेट्स सीपीएल मानसी, एलसीपीएल ईशा रंगा, कैडेट पूर्णिमा, नमन्नूर तथा मेहक ने 1 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी अम्बाला छावनी के तत्वावधान में 19 जुलाई से 30 जुलाई तक महानिदेशालय एनसीसी नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित साइबर डिफेंडर कोर्स-क सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महानिदेशालय एनसीसी नई दिल्ली तथा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से संचालित राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा क्षमता निर्माण कार्यक्रम का हिस्सा था। 12 दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम चयनित एनसीसी कैडेट्स में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता के साथ-साथ व्यावहारिक रक्षात्मक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।



### हॉल निर्माण के लिए 11 लाख की ग्रांट मिलने पर मंत्री बेदी का जताया आभार



**कुरुक्षेत्र।** वाल्मीकि धर्मशाला एवं माता मदानण प्रबंधक सोसायटी (रजि.), शास्त्री मार्केट, थानेसर को धर्मशाला परिसर में सामुदायिक हॉल के निर्माण के लिए हरियाणा सरकार की ओर से 11 लाख रुपये की ग्रांट स्वीकृत होने पर संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर संस्था के प्रधान गौतम झंगोटड़ ने संस्था की ओर से हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रधान गौतम झंझोटड़ ने कहा कि लंबे समय से धर्मशाला में एक आधुनिक एवं सुविधायुक्त हॉल के निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के विशेष सहयोग से यह मांग पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि हॉल बनने से सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी और समाज के लोगों को इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन रामकिशन चौहान, ताराचंद मट्टू, मुख्य संरक्षक दीपक गिल, यशपाल नंबरदार, महासचिव राकेश मट्टू आदि ने भी कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह अनुदान समाज के लिए एक बड़ी सौगात है।

### कुवि के हिंदी विभाग में जयंती पर संगोष्ठी

## प्रेमचंद का साहित्य आज भी समाज को दिखाता सही राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग द्वारा प्रेमचंद जयंती के अवसर पर गणपति चन्द्र गुप्त हॉल में वर्तमान युग में प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान तथा महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह के बलिदान को स्मरण करते हुए वक्ताओं ने उनके विचारों की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. अंबेडकर स्टडी सेंटर के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने अपनी लेखनी के माध्यम से औपनिवेशिक मानसिकता और शोषणकारी व्यवस्था के विरुद्ध वैचारिक संघर्ष का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने साहित्य को केवल मनोरंजन का साधन न बनाकर समाज परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य कालजयी और काल-संगत है, क्योंकि उसमें समाज के वास्तविक जीवन का चित्रण मिलता है। डॉ. प्रीतम सिंह ने कहा कि प्रेमचंद ने सामंतवादी सोच और सामाजिक विषमताओं का खुलकर विरोध किया तथा भारतीय समाज के सामान्य, उपेक्षित और वंचित वर्ग को अपनी कहानियों और उपन्यासों का नायक बनाया। उन्होंने पहली बार गांव की बोली, लोकजीवन और किसानों की पीड़ा को साहित्य के केंद्र में स्थापित कर हिंदी साहित्य को नई दिशा प्रदान की। कला एवं भाषा संकाय की अधिष्ठाता प्रो. सुनीता सिरोहा ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रेमचंद ने समाज के यथार्थ स्वरूप को साहित्य में स्थान दिया।



कुरुक्षेत्र। डॉ. अंबेडकर स्टडी सेंटर के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नृत्य महोत्सव में शास्त्रीय कलाओं की बिखरी अनुपम छटा

# कथक, भरतनाट्यम और ओडिसी की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक आदर्श विद्यालय के सभागार में आयोजित दो दिवसीय 'नृत्य महोत्सव का गुरुवार को समापन हो गया। स्व. पंडित कुंदन लाल गंगानी की जन्म शताब्दी को समर्पित इस आयोजन का संयुक्त रूप से कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग (हरियाणा), सांस्कृतिक संस्था 'नृत्य धारा', नृत्य एवं संगीत विभाग तथा युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग ने आयोजन किया। कार्यशाला में कथक, भरतनाट्यम और ओडिसी की बारीकियों पर विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। विदुषी दीप्ति गुप्ता, वाणी माधव, के.एस. निश्रेया वरलक्ष्मी तथा डॉ. मानसी सक्सेना ने शास्त्रीय नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुतियां भी दीं। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित इस महोत्सव ने दो दिनों तक विश्वविद्यालय परिसर को भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की सुरमयी और सांस्कृतिक छटा से सराबोर रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. ममता सचदेवा, विशिष्ट अतिथि प्रो. आशा पांडे, डॉ. जगमोहन शर्मा, नृत्य एवं संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार शर्मा, प्रो. शुचिस्मिता तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रो. शुचिस्मिता ने स्व. पंडित कुंदन लाल गंगानी के भारतीय शास्त्रीय नृत्य में योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय कलाओं से जुड़ने का आह्वान किया। नृत्य एवं संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।




### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के संयोजन में डॉ. मानसी सक्सेना तथा मंच संचालन में डॉ. पुरुषोत्तम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दो दिवसीय आयोजन में विश्वविद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक आदर्श विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह, डॉ. मनीष कुकरेजा, डॉ. आरती श्योकंद, डॉ. हरविंदर सिंह, डॉ. दीपक, डॉ. अरूप चटर्जी, डॉ.पूजा चौधरी, संजना रानी, डॉ. सीमा जौहरी, डॉ. मुनीस, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. ज्ञान सागर सिंह, मनिंदर, डॉ.अमरजीत सिंह, सतीश शर्मा, संदीप सैनी सहित विभाग के सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित रहे।

